गणेश मंत्री का जन्म 08 दिसंबर, 1938 को, राजस्थान के कोटा शहर में हुआ था। टाइम्स ऑफ इंडिया समूह में ट्रेनी जर्नलिस्ट के तौर पर उन्होंने कैरियर की शुरुआत की और फिर उसी समूह की मशहूर हिंदी पत्रिका धर्मयुग के प्रधान संपादक बने। उन्होंने समाजशास्त्र की पढ़ाई की थी और कानून की भी। कुछ समय तक वकालत भी की और ट्रेड यूनियनों से भी जुड़े रहे।

धर्मयुग में तो वह काम करते ही थे, पर उनके पास लिखने को इतना कुछ होता था कि वह नाम बदलकर दूसरे संस्थानों में भी लिखते थे। मशहूर पत्रिका रविवार और चौथी दुनिया में वो, 'गजानन चिटणिस' के नाम से लेखन करते थे। गजानन यानी गणेश और चिटणिस यानी मराठी में मंत्री।

गणेश मंत्री की पत्रकारिता को जानना– समझना हो तो धर्मयुग में उनके लेखों को पढ़ सकते हैं या फिर उन पत्रकारों को, जिनकी उन्होंने मेंटरिंग की और पत्रकार बनाया। यदि पत्रकारिता को बड़े कैनवास पर समझना हो तो गोवा मुक्ति संग्राम पर या गांधी और अंबेडकर पर लिखी गयी उनकी पुस्तक से इसे समझा जा सकता है कि वह कितनी गहराई से राजनीतिक विषयों को समझते थे और देखते थे, आंकते थे और दर्ज करते थे।

हरिवंश हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार व लेखक हरिवंश (वर्तमान में राज्यसभा के उपसभापति) करीब चार दशक तक सक्रिय पत्रकारिता में रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया समूह की लोकप्रिय हिंदी पत्रिका 'धर्मयुग' से पत्रकारिता की शुरुआत की फिर आनंद बाजार पत्रिका समूह की प्रसिद्ध हिंदी समाचार पत्रिका 'रविवार' से जुड़े। उसके बाद दक्षिण बिहार (अब झारखंड) के रांची से प्रकाशित होनेवाले हिंदी अखबार 'प्रभात खबर' से जुड़े। इस अखबार में वे करीब तीन दशक तक प्रधान संपादक रहे. एक मृतप्राय अखबार को उन्होंने न सिर्फ तीन राज्यों झारखंड,बिहार,बंगाल में अपार विस्तार दिया, बल्कि प्रभात खबर को सरोकारी और सार्थक पत्रकारिता का एक मॉडल अखबार बनाया। बतौर संपादक, हरिवंश की गिनती हिंदी के उन गिने-चुने यशस्वी और कुशल संपादकों में होती है, जिन्होंने प्रयोगधर्मिता, सरोकार और लेखन से एक नयी धारा विकसित की। पत्रकारिता के आरंभिक दिनों से ही बतौर पत्रकार, हरिवंश को गढ़ने में गणेश मंत्री की अहम भूमिका रही इस पुस्तक में हरिवंश ने एक लंबे संस्मरणात्मक लेख के जरिये गणेश मंत्री के व्यक्तित्व,कृतित्व के विविध आयामों को उभारा है। इस उभार का विस्तार इतना व्यापक है कि यह निजी संस्मरण भर के दायरे में नहीं बंधता बल्कि गणेश मंत्री के बहाने तब की, अब की और भविष्य की पत्रकारिता की पड़ताल भी करता है।

डॉ. अनुपमा कुमारी

• रांची में जन्मी, पली, बढ़ी. करीब डेढ़ दशक तक सक्रिय और सरोकारी पत्रकारिता में रहीं। इस दौरान प्रभात खबर (हिंदी दैनिक), सेवेन डेज (साप्ताहिक अखबार), गणादेश (अखबार), तहलका (हिंदी पत्रिका) के साथ पत्रकारिता करते हुए जमीनी रिपोर्ट, रिपोर्ताज और विशेष फीचर लेखन से हिंदी पत्रकारिता में पहचान बनी।

• पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट काम के लिए देश-दुनिया के कई प्रतिष्ठित फेलोशिप मिले। इनमें तीन बार सीएसई (सेंटर फॉर साइंस एंड इनवायरमेंट) मीडिया फेलोशिप, नेशनल फाउंडेशन आफ इंडिया मीडिया फेलोशिप, प्रभा दत्त मेमोरियल मीडिया फेलोशिप, रीच लिली एमडीआर मीडिया फेलोशिप, पैनोस साउथ एशिया मीडिया फेलोशिप, झारखंड सरकार का मीडिया फेलोशिप आदि प्रमुख हैं।

• पत्रकारिता के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए कई राष्ट्रीय स्तर के सम्मान और पुरस्कार मिले, जिनमें रीच लिली एमडीआर टीबी अवार्ड, झारखंड सरकार का उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरस्कार, विक्रमशीला विद्यापीठ द्वारा पत्रकारिता शिरोमणि पुरस्कार, आचार्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी पत्रकारिता सम्मान, अखिल विश्व भोजपुरी विकास मंच द्वारा लोकरत्न सम्मान, पीआरएसआई द्वारा जनसंपर्क में उल्लेखनीय योगदान सम्मान आदि प्रमुख हैं।

• साइंस से पोस्ट ग्रेजुएट हैं। रांची विश्वविद्यालय से एलएलबी व पत्रकारिता में पोस्ट ग्रेजुएट हुईं। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा से पत्रकारिता में ही डॉक्टरेट की।

• मीडिया एंड कम्युनिकेशन विषय के प्राध्यापक के रूप में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय (बिलासपुर) से पहले रांची विश्वविद्यालय (रांची), मगध विश्वविद्यालय (बोधगया), संत थॉमस कॉलेज (भिलाई), पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय (बिलासपुर) में अध्यापन कर चुकी हैं।

• पत्रकारिता, मीडिया, साहित्य, भाषा, समाजविज्ञान, सिनेमा, कला आदि विषयों पर 50 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में व्याख्यान देने या रिसर्च पेपर प्रस्तुत करने का अनुभव है। मीडिया के विविध आयाम पर अब तक 20 रिसर्च पेपर प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

संपर्क डॉ. अनुपमा कुमारी सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़

RUDRA

Also Available on amazon Flipkart

ISBN: 978-93-92108-20-4

9 789392 108204

₹ 395

रूद्र पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स

सी-293 ए, गली नं० 3, पश्चिम करावल नगर, नई दिल्ली-110094

मोबाईल- 9312442975

ई-मेल: rudrapublishers@yahoo.com

सोशल मीडिया के सामाजिक सरोकार

(Social concern of Social media)

डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल
डॉ0 साधना श्रीवास्तव

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

सोशल मीडिया के सामाजिक सरोकार

(Social concern of Social media)

डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल
डॉ0 साधना श्रीवास्तव

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

सोशल मीडिया के सामाजिक सरोकार
(Social concern of social media)

सम्पादक : डॉ० सतीश चन्द जैसल एवं डॉ० साधना श्रीवास्तव

ISBN : 978-93-87492-00-4

प्रथम संस्करण : 2017

Price : 450/-

Copyright © U P Rajarshi Tandon Open University, Allahabad

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced. Stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior written permission of the Publisher.

Disclaimer: The ideas and views given as an articles and papers in present edited book, are of their authors own. Editors and the Publisher are not responsible for any of their statements.

Published by :
Reflections Printers & Publishers
Aligarh-202002

22.	"सोशल मीडिया से समाज सेवा : मिनीमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण" *दीपक राय*	179
23.	ग्रामीण विकास में सोशल मीडिया की भूमिका *राघवेन्द्र दीक्षित*	191
24.	सोशल मीडिया एंव सामाजिक दायित्व *शुभम सिंह*	201
25.	जनमत निर्माण में मीडिया की भूमिका का आलोचनात्मक विश्लेषणः– सोशल मीडिया के विशेश संदर्भ में *प्राची वर्मा*	204
26.	सोशल मीडिया और पोलिटिकल कैम्पेन *डॉ अनुपमा कुमारी*	215
27.	मीडिया : कल, आज और कल *डॉ योगेन्द्र कुमार पाण्डेय*	220
28.	सोशल मीडिया और हमारा सामाजिक ताना–बाना *डॉ धनंजय चोपड़ा*	229
29.	**Effects of Social Media on Organizational Culture** *Dr. Gyan Prakash Yadav*	235
30.	**Social Media in Distance Education** *Dr. Dinesh Singh*	245
31.	***Social Media as a Teaching and Learning Tool*** *Dr. Saroj Yadav*	253
32.	**Issues and Challenges of Social Media** **Dr. Prabha Shanker Mishra** *Dr. Prabha Shanker Mishra*	261

सोशल मीडिया और पोलिटिकल कैम्पेन

*डॉ. अनुपमा कुमारी

सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से सामाजिक जीवन में संवाद के नए रूप की शुरुआत हुई है. इसने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को परस्पर संवाद स्थापित करने, विविध विषयों पर वैचारिक अभिव्यक्ति, भावनाओं के आदान–प्रदान और अकादमिक, साहित्यिक, राजनीतिक और सामाजिक विमर्श के लिए मंच प्रदान किया है. आधुनिक युग में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का ही माध्यम नहीं है बल्कि समाचारों का आदान–प्रदान करते हुई इसने कई जन–आंदोलन भी खड़े किए हैं. दिल्ली के निर्भया कांड, मुजफ्फरनगर का दंगा, समाजसेवी अन्ना हजारे का आंदोलन इसके कुछ महत्वपूर्ण उदहारण हैं. सोशल मीडिया के माध्यम से समसामयिक मुद्दों और घटनाओं को भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है. राजनीतिक दृष्टि से देखें तो भारत के वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में भी सोशल मीडिया की भूमिका अहम् रही। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की 1.25 अरब जनसंख्या में से लगभग 70 करोड़ लोगों के पास फोन है और इनमें से 25 करोड़ लोगों की जेब में स्मार्टफोन है. आंकड़ों की नजर से देखें तो 15.5 करोड़ लोग हर महीने फेसबुक चलाते हैं और 16 करोड़ लोग हर महीने व्हाट्सऐप पर रहते हैं. इन आंकड़ों से यह समझना आसान है कि राजनातिक पार्टियां अब ऑनलाइन कैंपेन या पोलिटिकल कैंपेन में सोशल मीडिया का इस्तेमाल क्यों कर रही हैं?

सोशल मीडिया का इतिहास

सोशल मीडिया का जन्म वर्ष 1995 में माना जाता है. उस वक्त क्लासमेट्स डॉट कॉम नाम से एक साइट शुरू की गयी थी जिसके जरिये स्कूलों, कॉलेजों, कार्यक्षेत्रों और मिलिट्री के लोग एक दूसरे से जुड़ सकते थे. यह साइट अब भी सक्रिय है. इसके बाद वर्ष 1996 में बोल्ट डॉट कॉम नाम की सोशल साइट बनायी गयी. वर्ष 1997 में एशियन एवेन्यू नाम की एक साइट शुरू की गयी थी एशियाई–अमरीकी कम्यूनिटी के लिए. सोशल मीडिया के क्षेत्र में सबसे बड़ा बदलाव आया फेसबुक और ट्वीटर के आने से. फेसबुक का जन्म 4 फरवरी,2004 में हुआ. मार्क जुकरबर्ग ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए फेसबुक

मूल्यानुगत मीडिया के मायने

आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव

संपादक
प्रो. अनिल कुमार राय
डॉ. अख़्तर आलम

ISBN : 978-93-85144-77-6

© प्रो. अनिल कुमार राय

ई–मेल : raianilankit@gmail.com

प्रकाशक : शिवालिक प्रकाशन

27/16, शक्ति नगर, दिल्ली–110007

फोन नं – 011–42351161

प्रकाशन वर्ष : 2016

संस्करण : प्रथम

प्रकाशन सहयोग : भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी "आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव" के आयोजन के लिये प्राप्त सहयोग धनराशि के प्रावधान के तहत प्रकाशित।

मुद्रक : गुरुकृपा क्रियेशन

रामाकृष्णा हॉटेल के पीछे मेन रोड वर्धा महाराष्ट्र

मो. 8888993996

नोट : पुस्तक में संकलित आलेखों में लेखकों के अपने विचार है, संपादक का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

. In Lawrence LeDuc, Richard G Niemi,
es in the Study of Elections and Voting

of the debates between Republicans and
http://www.uab.ro/jolie/2010/4_eshidi-

: November 06, 2015
CDO_Obama.pdf' Retrieved: November

?analysis.pdf' Retrieved: November 06,

20discourse%20analysis.pdf' Retrieved:

airclough-Norman-Critical-Discourse-
nber 09, 2015
issue%202,%202012/paper/Paper-12.pdf

-introspect-on-five-important-issues-at-
5
ge-modi-takes-dig-at-lalus-remarks-on-
ember 09, 2015
-modi-for-losing-control-over-language-

odder-scam-manjhi-owaisi-seemanchal-
09, 2015
ech-examination Retrieved: November

bama-15-a-hate-speech-examination/

मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी

65

गांधी की दृष्टि में गीता

*डॉ. अख्तार आलम **अनुपमा कुमारी

भूमिका

महात्मा गांधी ऐसे महामानव हुए जिन्होंने न केवल देश की राजनैतिक दिशा बदली बल्कि संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, शांति और प्रेम का पाठ पढ़ाया। गांधी ने भी वही राह अपनाई थी जो ईसा मसीह या गौतम बुद्ध ने अपनाया था। इन सब ने विश्व को एक नयी दिशा दी। उनका धर्म समूची मानव–जाति के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहा है। उनके लिए जीवन में सत्य से बढ़कर कोई धर्म और अहिंसा से बढ़कर कोई कर्तव्य नहीं था। वे हिन्दू धर्म के धार्मिक ग्रंथ गीता से अति प्रभावित थे। वे कहते थे कि मानव जीवन ज्ञान, भक्ति और कर्म का समन्वय है और गीता में सभी समस्याओं का समाधान निहित है। यदि स्वाध्याय पूर्वक गीता अध्ययन किया जाए और समझने की कोशिश की जाए तो यह जीवन के सभी गूढ़ रहस्यों को उजागर करती है। वे गीता को जीवन का सार तत्त्व मानते थे साथ ही इसे वेदों का निचोड़ भी कहते थे। उनका मानना था कि जिस भी व्यक्ति ने गीता को जीवन में उतार लिया उसे जीवन में कभी निराशा नहीं घेर सकती।[a] यह सकारात्मकता का संचार करती है और जीवन जीने को प्रेरित करती है। जिस तरह माँ अपने बच्चों को कष्ट से उबार लेती है गीता भी उसी तरह कष्टों से उबार लेती है। इसीलिए उन्होंने गीता को 'माँ' की संज्ञा दे दी और हमेशा गीता को 'गीता माता' कहते रहे।

की– वर्ड्स : गांधी, गीता, सत्य, अहिंसा, अस्पृश्यता, प्रायश्चित, स्वाध्याय, शांति आदि।

शोध प्रविधि : विश्लेषणात्मक अध्ययन व साहित्य पुनरावलोकन

गीता परिचय :

महाभारत एक ऐतिहासिक महाग्रंथ है। महाभारत और रामायण को सिर्फ ऐतिहासिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि धार्मिक ग्रंथ के रूप में भी माना गया है। महाभारत और रामायण दोनों में देव और असुर के बीच सत्य–असत्य, नैतिकता–अनैतिकता आदि के संवाद और उनके बीच चली लड़ाई का वर्णन है। गीता, महाभारत का 18वां अध्याय है, जिसमें 700 श्लोक हैं और यह कृष्ण–अर्जुन के बीच का संवाद है। इस संवाद का वर्णन संजय, नेत्रहीन धृतराष्ट्र से कर रहे हैं और धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में युद्ध की इच्छा से एकत्र हुए मेरे पुत्र और पांडु के बीच क्या हो रहा है। गीता के प्रथम अध्याय का पहला श्लोक यही बताता है–धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः।
मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत सञ्जय।।

वैसे गीता का शाब्दिक अर्थ है 'गाया गया'। इसमें 'उपनिषद्' अध्याहार है। यानि कि गाया गया उपनिषद्। उपनिषद् का अर्थ है ज्ञान–बोध। अर्थात् गीता का अर्थ हुआ श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया हुआ बोध। यह बोध इतना प्रभावी माना गया कि गीता सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया भर को नई दिशा देने वाला ग्रंथ है। हालांकि गीता में एक खास धर्म के लोगों की गहरी आस्था है लेकिन यह समूचे मानव जाति के लिए दिव्य प्रेरणा है। भागवत गीता में अध्यात्म का सजग प्रहरी होने के साथ–साथ व्यावहारिक–व्यापारिक, सामाजिक–सांस्कृतिक,

---

[illegible]

- Famous Reflections on the Bhagavad Gita
- http://www-bhagavad&gita-us-
- Self&Control] the Key to Self&Realisation
- http://www-eng-vedanta-ru/

***Dr.Akhtar Alam, Asst- professor, Jansanchaar Vibhag, M.G.A.H.V, Wardha-442005 Maharashtra**

****Anupama Kumari, Research Scholar, Jansanchaar Vibhag, M.G.A.H.V, Wardha-442005 Maharashtra**

संचार शब्द संस्कृत के
है। चलना अथवा आगे बढ़ना
सम्यक रुप से चलना या बढ़ना
शब्द का पर्याय है। जो लैटिन
संदेश एक व्यक्ति में दूसरे व्य
की पूर्ति करता है। संचार माध्य
भी संचार के लिए किया जाता
संचार प्रेरक का कार्य किए
जानकर सांस्कृतिक विकास कि
इन्हें अब भूल रहे हैं। थोड़ा इन

संचार का कार्य :

संचार किसी भी व्यक्ति एवं
एक गतिशील प्रक्रिया है जो एक
एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से ए
से जोड़ना संचार का कार्य है
निस्सन्देह संचार का महत्त्व मौलिक
विशेष पर होता है। संचार केवल
प्रसार और प्रचार किया जा सकता है

जैसे:–
विवाह के पुण्य पर्व पर, शा
अहीर वंशी गौरव फिर पाए
दान,दहेज बिन बेटी ब्याहे,
खुशी खुशी माता पिता
आओ हम आप सब मिलक
गीता का संदेश, कृष्ण के

सूचना एवं जानकारी देना :

सामाजिक चेतना एवं जनजा
जाता है। जैसे किसी विषय पर
ध्यानकर्षित कर उन्हें जागृत किया
इसकी की ओर ध्यान आकर्षित क

ग्रामीण समाज और संचार

बदलते आयाम

संपादक
डॉ. निर्मला सिंह व ऋषि गौतम

ग्रामीण समाज और संचार
बदलते आयाम

AMS PUBLICATION
E-6, Sai Vihar Colony, Kishanganj, Mhow
Dist. INDORE (M.P.) PIN Code:453441
(M) 08602275446, 08602550091
E-mail-amspublication2016@gmail.com.

संपादक
डॉ. निर्मला सिंह व ऋषि गौतम

रिगी पब्लिकेशन

15-16 जनवरी 2016 को कस्तूरबाग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, इंदौर, आवाज मीडिया स्टडीज, इंदौर एक्सपोज सिटी, इंदौर, मूल्यानुगत मीडिया, इंदौर और समागम, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किए गए शोधपत्रों का संकलन।

RIGI PUBLICATION
All right reserved
No part of this book may be reproduced in any form, by Photostat, microfilm, xerography, or any other means or incorporated into any information retrieval system, electronic or mechanical, without the written permission of the copyright owner.
Originally published in the India

ग्रामीण समाज और संचार : बदलते आयाम

ISBN : 978-93-84314-65-1

प्रकाशन वर्ष : अप्रैल, 2016

संस्करण : प्रथम

© : ऋषि गौतम

प्रकाशक : रिगी पब्लिकेशन
777, स्ट्रीट नं. 9, कृष्णा नगर,
खन्ना-141401 (पंजाब), इंडिया

लेआउट-डिजाइन : नितिन पंजाबी

मूल्य : रु. 499/-

हिन्दुस्तान की सभ्यता औ
भारतीय अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों
क्षेत्र के विकास से ही जुड़ी है, इस
योजनाओं में ग्रामीण विकास से
वित्तीय सहायता की विभिन्न योज
अवसर प्राप्त हों। ग्रामीणों के जीव
बुनियादी आवश्यकताओं के लिए
विकास कार्यक्रमों में समाजसेवकों
भूमिका निभाई है।

वैश्वीकरण के पश्चात् वि
तथा समाज के हर वर्ग को प्रभा
जनमाध्यमों ने एक नवीन सूचना
जंजाल में आज भी आवश्यकता
आवश्यकता पूर्ण करने के साथ
ग्रामीण जीवन पर प्रकाश डालने
प्रासंगिक है जितनी आजादी के पू
लिए तकनीकी क्षेत्रों के विस्तार
समाज को मिला है, परंतु प्रश्न
संचार कर रहे हैं?

जब हम भारत के विका
पर सूक्ष्म दृष्टि डालने की आवश्य
मार्गों तक ही तो सीमित नहीं क
सांस्कृतिक तथा विकासात्मक परि
किया गया।

हम आभारी है शासी निका
के आयोजन की अनुमति प्रदान
हैं कि स्वचित्त से यह संगोष्ठी सम्
हैं कि उन्होंने पूर्ण विश्वास और
साथियों को धन्यवाद प्रेषित करते

शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र, वि
अति आवश्यक है अन्यथा भारत
चिंतन के पूर्व हमें यह अवश्य
बाद ''मेक इन इंडिया'' का नारा

ग्रामीण संचार के सरोकार और प्रासंगिकता
(विशेष संदर्भ : लोक संचार माध्यम)

● अनुपमा कुमारी
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

पारंपरिक लोक माध्यम या ग्रामीण लोक संचार के जन्म की तिथि सुनिश्चित नहीं है। मनुष्य अपने प्रारंभिक दिनों से ही अपनी इच्छाओं, संवेगों-भावनाओं एवं आवश्यकताओं को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए हाव-भाव, संकेतों आदि का प्रयोग करता रहा है, जिसने कालान्तर में भाषा का रूप लिया। भाषा ने ही मानव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को संभव बनाया। यह सर्वविदित है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और संचार के बिना वह जीवित नहीं रह सकता। संचार के उद्देश्य असीमित हैं परिवार, समाज एवं समूह में स्थितिनुसार संचार करते हैं। विचारों, सूचनाओं, भावनाओं के निरन्तर अभिव्यक्ति से ही हमारे समग्र जीवन मूल्यों और संस्कृति की संरचना होती है। सूचना की भूख एवं संचार से जनसंचार के असीमित संदेश प्रवाह के कारण दूसरों तक संदेश पहुंचाने के अनेक आधुनिक साधनों का विकास मानव ने कर लिया है लेकिन आज भी संचार का लोक माध्यम या ग्रामीण संचार सबसे प्रभावी माध्यम है। इन माध्यमों के जरिए पढ़े-लिखे, अनपढ़ सभी तक सार्थक एवं प्रभावी ढंग से संदेश पहुंचाया जा सकता है। इन माध्यमों में प्रमुख हैं नाटक, कठपुतली, कथा, वार्ता, संगीत, लोक संगीत, पर्यटन, यात्रा वृत्तांत, नाटक आदि।

शोध प्रविधि

अवलोकन व अंतर्वस्तु विश्लेषण

लोक संचार की खासियत

लोक संचार की खासियत है कि वह सामूहिकता का बोध कराता है।

इसमें समूह की संस्कृति, भाषा, परिवेश और रुचि के अनुसार ही संदेशों का सम्प्रेषण किया जाता है। हालांकि पहले यह दायरा छोटा था लेकिन समय के साथ इसका विस्तार होता गया। आधुनिक संचार प्रणाली ने इसे काफी व्यापक फलक प्रदान किया है। लेकिन लोक संचार माध्यम हमेशा से महत्वपूर्ण रहे। बदलते परिवेश में भी लोक संचार माध्यमों मसलन लोकनृत्य, लोक कथा, लोक गीत आदि ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भी खास कर गांवों में जागरूकता फैलाने के लिए इन्हीं का प्रयोग किया जाता है।

प्रिंट से लेकर इलेक्ट्रॉनिक और फिर आधुनिक तकनीकी माध्यमों का विस्तार हुआ है। हर गाँव और लगभग हर व्यक्ति तक संचार के माध्यमों की पहुँच बन गयी है, तो उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ गयी है। इनका काम मनोरंजन करने के साथ साथ गांवों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और समस्याओं को दूर करना भी है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण पहलू ये है कि बदलाव तो हो परंतु गाँव की खुशबू, उसकी संस्कृति, परम्परा बनी रहे। भारतीय लोकसंस्कृति में कृषि, अर्थशास्त्र, साहित्य, कला, नृत्य, संगीत सब शामिल है।

ग्रामीण लोक संचार के माध्यम व उपयोग

ग्रामीण लोक संचार के माध्यमों में मूर्ति कला, शिलालेख, भजन, कीर्तन, रामलीला, रासलीला, नाटक, नौटंकी, कठपुतली आदि शामिल हैं। ये सदियों से हमारी संस्कृति में रचे बसे हैं, इसी कारण सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जागरूकता अभियानों आदि में इनकी मदद ली जाती है। ग्रामीण लोक संचार की सबसे बड़ी खासियत होती है कि यह माध्यम ग्रामीणों की जीवनशैली से मेल खाते हैं और कोई व्याकरण या साहित्य न होने के बावजूद इनका विकास मौखिक या क्रियागत स्रोतों के माध्यम से होता रहता है। आज आधुनिक तकनीकी माध्यमों का विकास हुआ है लेकिन इसके बावजूद लोक संचार के माध्यमों का प्रभाव कम नहीं हुआ है। लोकगीत जैसे कजरी, बिरहा, चैती, निर्गुण आदि लोकनृत्य जैसे भांगड़ा, भरतनाट्यम, गरबा। लोकवाद्य जैसे शहनाई, सितार, तबला आदि लोक सम्मेलन जैसे मेला, हाट, बाजार, उत्सव आदि, लोककलाएं जैसे चित्रकारी, कसीदाकारी आदि एवं लोकनाट्य जैसे रामलीला, रासलीला आदि सभी लोक संचार के माध्यम हैं और ग्रामीणों के करीब होने के कारण इन्हें ग्रामीण लोक संचार माध्यम भी कहा जाता है।

शिलालेख : ग्रामीण लोक संचार के माध्यमों में शिलालेख बहुत ही सशक्त माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया। शिलालेख का निर्माण भाषा के विकास से हुआ लेकिन इससे अभिव्यक्ति को स्थायित्व मिला। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो कई राजाओं ने, यहाँ तक कि सम्राट अशोक ने अपनी प्रजा को सूचनाएं एवं दिशा-निर्देश के लिए शिलालेखों का प्रयोग किया था। सम्राट अशोक ने तो भारत के विभिन्न स्थानों पर प्रचलित विभिन्न भाषाओं में शिलालेख खुदवाये थे।

चित्रकला : चित्रकला मानव की अभिव्यक्ति की प्राचीन कला है। भाषा के विकास से पहले मनुष्य अपनी भावनाओं को चित्रों के माध्यम से उकेरता था। सूचनाओं को संरक्षित करने की पहली कोशिश इसी माध्यम ने की। पाषाणकालीन युग की गुफाओं में अंकित गुफा चित्र इसके प्रमाण हैं। भारतीय चित्रकला का इतिहास शिला-चित्रों से शुरू होकर आधुनिक युग में कम्प्यूटर चित्रों तक का है। मोहनजोदड़ो, हड़प्पा आदि स्थानों पर खुदाई में प्राप्त हुई वस्तुओं पर अंकित चित्रों से भारतीय चित्रकला की प्राचीनता का बोध होता है।

लोकनृत्य : लोकनृत्य मानव जीवन के प्रारम्भिक समय से जुड़ा हुआ है। लोगों के मनोरंजन के सशक्त माध्यमों में लोकनृत्य का पहला स्थान है। लोकनृत्य मनुष्य और प्रकृति की अभिव्यक्ति का माध्यम है। लोकनृत्य उल्लासपूर्ण भावाभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। मानव के जीवन में जब खुशी के क्षण आते हैं तो अकेले अथवा समूह में प्राकृतिक रूप से पैर थिरकने लगते हैं। आज भी विभिन्न अवसरों पर नृत्यों का आयोजन होता है। लोक नृत्य में अलग-अलग जातियों समुदाय आदि की सांस्कृतिक झलक मिलती है।

मूर्तिकला : मूर्तिकला में संवेदनाओं को चित्रित किया जाता है। मूर्तिकला का विस्तार समय और तकनीक के साथ-साथ बढ़ता गया। हिन्दू धर्म में मूर्ति पूजा ने मूर्तिकला को भारत में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मूर्ति निर्माण मिट्टी, पत्थर, धातु या लकड़ी द्वारा किया जाता है। भारतीय मूर्तिकला को पूरे विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त है। विभिन्न कालखंडों में अलग-अलग शैलियों का विकास हुआ।

श्रव्य ग्रामीण लोक संचार के माध्यम

श्रव्य ग्रामीण लोक संचार के माध्यमों में लोकगीत, लोक कथा, कहानी आदि शामिल हैं। लोक संचार में परम्परागत श्रव्य संचार माध्यम की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ज्ञान का संचार भी इसी माध्यम की देन है।

लोकगीत : लोकगीत लोक के गीत होते हैं। यह किसी एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे समाज का होता है। यह लोक में प्रचलित, लोक द्वारा रचित होता है। इसका रचनाकार अपने व्यक्तित्व को लोक में ही समर्पित कर देता है। 'लोकगीत मानव हृदय की वह नैसर्गिक अभिव्यक्ति है, जिसमें भाव, भाषा और छन्द की नियमितता से मुक्त होकर स्वच्छन्द रूप से निःसृत होने लगते हैं।' हमारे समाज में लोकगीतों की लंबी परम्परा है। कुछ लोकगीत बार-बार प्रयोग होने के कारण आज भी विद्यमान है और कुछ लुप्त हो गए। सामाजिक चेतना व व्यवहार के परिवर्तन के साथ लोकगीतों में समय-समय पर परिवर्तन हुआ है। लोकगीत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। लोकगीतों में गज़ब की मिठास होती है। गाँवों में लोकगीत हर क्षण गाए और गुनगुनाए जाते रहे हैं।

गाँव में खासकर श्रमिकों से लोकगीतों का गहरा संबंध है। ये हल चलाते, बीज बोते समय, फसल की बुआई-कटाई आदि के समय भी गीत गाते हैं। जिससे उनका मनोरंजन भी होता है और ऊर्जा का संचार भी। जन्म संस्कार के समय सोहर गाने की परम्परा बहुत ही पुरानी है। लोकगीतों का लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है यह लोक गीत जादू-सा असर डालते हैं। लोकगीतों की आवाज कान में गूंजते ही नई शक्ति मिल जाती है। फागुन माह के प्रारम्भ होते ही फगुआ, चैता और चैत्र माह में चैता का गायन ढोलक के साथ गाने की परंपरा है।

वादन : वाद्य यंत्रों से मन की बात अभिव्यक्त करने की परंपरा वैदिक काल से ही है। नृत्य हो या गीत सभी वाद्य यंत्रों के बिना पूर्ण नहीं होते। वाद्य यंत्र गीत एवं नृत्य को जीवंत कर देते हैं। लोक संगीत में मुख्य रूप से ढोल, नगाड़ा, तुरही, एकतारा आदि महत्वपूर्ण है। भारतीय संगीत में कुल 500 प्रकार के वाद्य यंत्र हैं। प्राचीन समय में युद्ध के प्रारंभ होने से पूर्व रणभेरी, दुंदुभि, शंख एवं तुरही जैसे वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया जाता था। सबसे प्राचीन वाद्य डमरू को माना गया है। यह भगवान शिव का वाद्य है। संसार की समस्त भाषाओं का जन्म इसी से माना जाता है।

लोक कथा : लोक कथाएं, लोक जीवन का अभिन्न अंग मानी जाती हैं। इन लोक कथाओं में पौराणिक प्रसंगों से लेकर उपदेशपरक तथा मनोरंजक कथानक होता है। लोक कथाओं में क्षेत्र के नैतिक तत्व समाहित होते हैं। लोक कथाएं प्राचीन काल से मनोरंजन का माध्यम रही हैं। लोक कथाकार इसका प्रस्तुतीकरण बड़े मनोरंजक ढंग से करते हैं। यह समाज के प्रबुद्ध वर्ग जैसे धर्मवेत्ता, समाज सुधारक, पथ-प्रदर्शक और साहित्यकारों के लिए भी रोचक होता था। लोक कथाएं शादी-विवाह, कथा-कीर्तन एवं तीर्थ-यात्रियों के माध्यम से स्वीकार होती रही एवं उस पर स्थानीयता का आवरण चढ़ गया।

लोक गाथा : लोक गाथाएं मनुष्य के आदिम साहित्य का रूप हैं। लोक गाथाओं का उदय सामूहिक नृत्यों-गीतों के साथ पौराणिक घटनाओं या चमत्कारों के कारण हुआ है। इनके रचनाकार अज्ञात हैं। इसमें संगीत एवं नृत्य का साहचर्य होता है। लोक गाथाएं मौखिक परंपरा के कारण एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पहुँचती रही है। यह मुख्य रूप से कथापरक गीत होते हैं। इसमें कहानी गीत के माध्यम से आगे बढ़ती है।

दृश्य-श्रव्य ग्रामीण संचार माध्यम

वे माध्यम जिनसे संदेश प्राप्त करने के लिए दर्शक को अपने आँख एवं कान दोनों का प्रयोग करना पड़ता है इसे दृश्य-श्रव्य माध्यम कहते हैं। यह माध्यम अन्य माध्यमों की तुलना में ज्यादा प्रभावी होते हैं। नुक्कड़ नाटक, नौटंकी, रामलीला, कृष्णलीला, कठपुतली आदि इसके प्रकार हैं।

नाटक : नाटक का जन्म नृत्य से हुआ है। नृत्य का भाव व विचार का विस्तार होने के पश्चात् वह नाट्यरूपों में परिवर्तित हो गया। नाटक आम जनमानस के लिए परम्परागत रूप से मनोरंजन एवं जागरूक करने का माध्यम रहा है। हिन्दी प्रदेशों में लोक नाट्य का विकास 15वीं शताब्दी के बाद हुआ है। अलग-अलग प्रदेशों में अपनी संस्कृति की झलक लिए हुए अलग-अलग लोक नाटक हैं। उत्तर प्रदेश में नौटंकी, बंगाल में जाला, मध्य प्रदेश में मंच, कर्नाटक में यक्षगण, तमिलनाडु में थेरूकुढ़, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात में भवई मुख्य रूप से परंपरागत नाटक हैं। नाटक का समाज में बहुत महत्व रहा है। यह मनोरंजन के साथ विषय विशेष के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करता है।

नुक्कड़ नाटक : नुक्कड़ नाटक, ऐसा नाटक है, जो नुक्कड़ पर प्रदर्शित किया जाता है यानि आम जन के बीच में जाकर संदेश पहुंचाने का माध्यम। नुक्कड़ नाटक प्रायः आम बोलचाल की भाषा में होते हैं। यह महज मनोरंजन न होकर, जीवन की वास्तविकता को प्रदर्शित करते हैं। जिसके कारण दर्शकों में आत्मसम्मान पैदा होता है। इसमें नाटककार आम जनता को साथ रखता है और प्रभावी ढंग से अपनी बात दर्शक तक पहुंचाता है। शहरों में लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों के प्रयोग का प्रचलन बढ़ा है।

रामलीला एवं कृष्णलीला : लीला आम जनमानस में कथाख्यानों की प्रदर्शनधर्मी कला है, जिसके साथ अनुरंजनमय शिक्षण का संप्रेषण किया जाता है। रामलीलाओं में जिस प्रकार भगवान राम के कर्मों का गुणगान किया जाता है, उसी प्रकार कृष्ण लीला में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का चित्रण किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े भक्ति व श्रद्धा के भाव से लोग इसको देखते हैं।

कठपुतली : भारत के राजस्थान प्रदेश की कठपुतली कला बहुत ही पुरानी और समृद्ध मानी जाती है। इसका निर्माण व प्रदर्शन भाट जाति के लोग करते आ रहे हैं। भाट जाति नटबाजी तथा नाटक के लिए भी प्रसिद्ध है। यह माना जाता है कि ब्रह्म से नट की उत्पत्ति हुई और उन्होंने काठ से नाट नाम से काष्ठपुतली आधारित नाट्यों की शुरूआत की। कठपुतलियाँ होती तो निर्जीव है लेकिन उनका प्रदर्शन ऐसा होता है जैसे कोई सजीव कलाकार प्रस्तुति कर रहा हो। विभिन्न मसलों मसलन कम उम्र में विवाह, नशाखोरी, स्त्री, बालिका शिक्षा के निम्न स्तर को दूर करने के लिए आजकल इसका उपयोग सरकार भी कर रही है। ऐतिहासिक कहानियों, गाथाओं को बताने और जागरूकता फैलाने के लिए इसका उपयोग किया जाता रहा है।

ग्रामीण लोक संचार माध्यम का महत्व

ग्रामीण लोक संचार माध्यम सरल, सहज व अधिक बोधगम्य होते हैं। यह वातावरण के नीरसता, एकरसता, ऊब और भारीपन को दूर कर सरस, सगम्य, उमंग और उत्साही बना देता है। यह माहौल को रोचक और जीवंत बना देते हैं। यह माध्यम कोरा समुच्चय भर नहीं है, इसमें माटी की महक है, लोक की गमक है और सामाजिक प्रवाह का कलरव है। ये

समकालीन संस्कृति की धड़कन है, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। ग्रामीण लोक संचार माध्यम में अगर भौगोलिक सीमाएँ, नदी, तालाब, पर्वत, घाटी, जंगल, कोहरा, जाड़ा, गर्मी, वर्षा, पवन, फूल और पशु-पक्षी प्राणवान हो उठते हैं तो इतिहास भी अपने पात्रों, पुरा प्रस्तर औजारों, मुहरों-मुद्राओं, सन्धि पत्रों, युद्धों और हार-जीत के साथ प्रत्यक्ष होने को लालायित हो उठता है। इतना ही नहीं इनमें उनकी जिजीविषा, पहचान, अस्मिता, गौरव बोध और सांस्कृतिक वैभव समाया है।

निष्कर्ष

निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में ग्रामीण लोक संचार माध्यमों की एक बड़ी संभावना दिख रही है। यह एथेनेसिटी के बढ़ने का दौर है। जातीय और क्षेत्रीय अस्मिता का सवाल नए-नए रूपों में सामने आ रहा है। तमाम मानवीय समुदाय अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं। अपनी पहचान की रेखा बताने के लिए अतीत के अध्याय को खोला जा रहा है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर लोकमानस में अपने जड़ों की ओर लौटने की छटपटाहट दिख रही है। इसलिए जरूरी है कि सरकार नए तकनीकी माध्यमों की ओर तो देखे ही ग्रामीण लोक संचार के माध्यमों की ओर भी ध्यान दे। तभी ग्रामीण लोक संचार माध्यम, आधुनिक तकनीकी माध्यम के साथ कदमताल कर सकेगा।

अंत में एक पंक्ति -

ले मशालें चल पड़े हैं अब लोग मेरे गाँव के।
अब अँधेरा जीत लेंगे लोग मेरे गाँव के

संदर्भ ग्रंथ

1. दुबे श्याम सुन्दर, लोक परम्परा पहचान एवं प्रवाह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2003
2. अग्रवाल डॉ. सुरेश, जनसंचार माध्यम, नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005
3. चौहान विद्या, लोक गीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रगति प्रकाशन, आगरा, 1972
4. अग्रवाल महावीर, लोक संस्कृति, आयाम एवं परिप्रेक्ष्य, शंकर प्रकाशन, दुर्ग, 1987
5. जैन प्रो. रमेश, जनसंचार विश्वकोश, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2007
6. चतुर्वेदी डॉ.गोपाल चन्द मधुकर, भारतीय चित्रकला ऐतिहासिक संदर्भ, साहित्य संगम, इलाहाबाद, 1999
7. नकवी हेना, पत्रकारिता एवं जनसंचार दिग्दर्शिका, डिस्काउंट ग्रुप ऑफ पब्लिकेशन, गोरखपुर
8. जोशी मंजरी, भारतीय संगीत की परम्परा, नेशनल बुक ट्रस्ट, दिल्ली
9. चक्रवर्ती डॉ. कविता, भारतीय संगीत में वाद्ययंत्र, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 1990
10. कौशिक डॉ. जयनारायण, लोक साहित्य और संस्कृति-दिग्दर्शन, अविराम प्रकाशन, दिल्ली 2008
11. तिवारी डॉ. अर्जुन, जनसंचार समग्र, उपकार प्रकाशन, आगरा
12. भानावत डॉ.महेन्द्र, भारतीय लोक माध्यम, राजस्थान, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2003
13. प्रसाद कमला, वसुधा, म.प्र. प्रगतिशील लेखक संघ, अंक-40, अगस्त-नवम्बर 1997
14. उपाध्याय नमी प्रसाद, भारतीय चित्रांकन परम्परा, ज्ञान गंगा, दिल्ली, 2003

One Day Interdisciplinary
State Level Seminar on

Effects of Demonetisation

February 11, 2017

LOK SHIKSHAN PRASARAK MANDAL'S

LOK MAHAVIDYALAYA WARDHA (M.S.)

NAAC Reaccredited 'B' Grade

Organised By

Department of Commerce
in collaboration with
Department of Economics

Lok Shikshan Prasarak Mandal's

LOK MAHAVIDYALAYA, WARDHA

One Day Interdisciplinary State Level Seminar
on

"Effects of Demonetization"

Date : 11th February 2017

- CHIEF PATRONS -

Dr. Gajananrao J. Kotewar
President

Shri. Prakash S. Bhoyar
Secretary

Shri. S. P. Rode
Shri. N. D. Hemke
Prof. Sanjay S. Kotewar
Shri. Pundlikrao Kotewar
Shri. Amit Kasatwar

Dr. Kishor Sanap
Shri. A. N. Yeulkar
Sau. Tara Kotewar
Principal M. V. Thakare
Sau. Kavita Sanap

Dr. Sau. Pushpa S. Tayde
Principal

Dr. Rajiv M. Jadhao
Convener

- EDITOR IN CHIEF -

Dr. Avinash M. Sahurkar
Associate Professor, Dept. of Commerce

- EDITOR -

Dr. Vishwanath N. Betal
Dr. Sau. Suchitra S. Patne
Prof. Mahendra Sahare
Prof. Bhaskar J. Walke

- Published By -
Principal, Lok Mahavidyalaya, Wardha

- Publisher -

Psychoscan
58, Laxminagar, Wardha- 442001
Ph. 07152-244844, M- 9689889644
Email:- psychoscan02@gmail.com
ISBN: 978-81-922308-6-3

- Decleration -
The Present Publication is an academic exercise of Lok Mahavidyalaya, Wardha and other participants. The views expressed in Research papers are by the individual authors for which they are responsible and for any information, dada and views. The publisher and editors are not responsible. An attempt is made to edit the papers for qualitative improvement.

 ISBN: 978-81-922308-6-3

३९. विमुद्रीकरण का सकारात्मक प्रभाव और कैशलेस भारत

Anupama Kumari
Scholar,
Jansanchaar vibhaag
M.G.A.H.V, Wardha
Email- log2anupama@gmail.com
Mob-08888209383

भूमिका

आठ नवंबर, २०१६ को जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा कदम उठाते हुए ५०० और १००० के नोटों को उसी रात १२ बजे से बंद किए जाने की घोषणा की और ये कहा कि पेट्रोल पंप, अस्पताल, रेलवे स्टेशन इत्यादि को छोड़कर देश में कहीं भी ५०० और १००० के नोटों से लेन-देन पर रोक लग गई है, तो देश में खलबली मच गयी. हालांकि नोटों के प्रयोग और नोट बदलने के लिए ३० दिसंबर तक देश के किसी भी बैंक या डाकघर में जाकर अपने खातों में जमा कर बदलने की सुविधा दी गयी. सरकार ने पुराने नोटों की जगह ५०० और २००० के नए नोट जारी किए जो लोगों को बैंकों और एटीएम के माध्यम से मिलने शुरू हो गए. लांकि लेन-देन के पूरी तरह सामान्य होने में कुछ हते लगे और अफरा-तफरी भी मची. नोट बंदी की इस प्रक्रिया को विमुद्रीकरण कहते हैं. विमुद्रीकरण क्या है? सरकारें इसका फैसला क्यों लेती हैं और भारत में ऐसा कब-कब हुआ है? क्या इंडिया कैशलेस बनने को तैयार है और विमुद्रीकरण का जनता पर क्या प्रभाव पड़ा? इसी को लेकर यह शोध-पत्र तैयार किया गया है.

की वर्ड : रू विमुद्रीकरण, जमाखोरी, कालाधन, कैशलेस, प्रक्रिया, प्रभाव

शोध प्रविधि- १. प्राथमिक आंकड़रू प्रश्नावली पद्धयति एवं साक्षात्कार

२.द्वितीयक आंकड़ेरू साहित्यपुनारावलोकन एवं प्रकाशित-प्रसारित खबरों का अध्ययन

साहित्य पुनरावलोकन

१) काले धन के खिलाफ बुद्ध: विमुद्रीकरण एक साहसी कदम है, जिसके ठोस परिणाम निकलेंगे . जगदीश एन, भगवती, कोलम्बिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र और कानून के प्रोफ़ेसर.

२) ब्रिक्स बैंक के अध्यक्ष के वी कामथ के अनुसार नोटबंदी से भारत सरकार को कोई ढाई लाख करोड़ रु का फायदा होगा। मतलब इतना काला धन पकड़ा जाएगा। इसका आखिर में बड़ा असर होगा। सरकारी बैंक सेहमतंद होंगे। ब्याज दरों में भारी कमी का वक्त आएगा। भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। कॉसी के चलन घटने और डिजिटल लेन-देन को ले कर सरकार के पास कई तुरूप कार्ड हैं। बाद में ब्याज दर और मुद्रास्फीति पर जब पूरा असर दिखाई देगा तो आर्थिकी दौड़ने लगेगी। नोटबंदी के बाद छह महीने की अवधि में ब्याज दर कम से कम १०० बेसिस पाइंट कम होनी चाहिए। मेरा विश्वास है कि इस कवायद से मरीज अच्छी हालत में निकलेगा और फिर वह लंबे समय तक बहुत अच्छा करता रहेगा।

३) स्वदेशी विचारक एस गुरुमूर्ति ने कहा.श्यह तो पोखरण जैसा वित्तिय साहसी धमाका है! इससे भारत बदल जाएगा। रियल एस्टेट की कीमते घटेगी, पारदर्शिता आएगी। देश रिबूट हो रहा है। काला धन मनोवैज्ञानिक बीमारी थी जिसे खत्म करना होगा। आगे वापिस काला धन पैदा हो सकना संभव नहीं

निष्कर्ष

विमुद्रीकरण एक साहसी और मौलिक आर्थिक सुधार की पहल है. निश्चय ही इस महत्वपूर्ण परिवर्तन पर लागत भी लगेगा लेकिन भविष्य में इससे पर्याप्त लाभ होने की संभावना है। निष्कर्ष के तौर देखा कहा जा सकता है कि नक्सलवाद को गहरा धक्का है और भ्रष्ट लोगों में बेचैनी है. रीयल एस्टेट (मकान, जमीन आदि) के दाम कम हो रहे हैं. भ्रष्टाचार में भी भारी कमी आने की उम्मीद है। चुनाव में कदाचार कम होगा, ऐसी भी आशा है। भारत एक नकद चालित अर्थव्यवस्था है, हालांकि जनसंख्या का एक बड़ा भाग तेजी से तकनीक प्रेमी भी होती जा रही है, देश में एक समानांतर अर्थव्यवस्था ने गहरी जड़ें जमा ली हैं, जिसके कारण बड़े पैमाने पर हवाला लेनदेन, कर अपवंचन, बेनामी अचल संपत्ति खरीद और सोने की तस्करी जैसी अवैध गतिविधि होती रही है।जिसे रोका जाना जरूरी था. भारतीय अर्थव्यवस्था, आर्थिक लेनदेन के डिजिटलीकरण की दिशा में बढ़ेगी और नकद मुद्रा की भूमिका कम होगी। फिलहाल कुछ महीनों की परेशानी है लेकिन बाद में इसके सुपरिणाम होंगे.

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. Gopika Gopakumar, Vishwanath Nair (8 November 2016). "Rs500, Rs1000 notes may be back, if history is a guide". *Live Mint*. अभिगमन तिथि 9 November, 2016
2. https://hi.oxforddictionaries.com @परिभाषा / विमुद्रीकरण
3. http://www.pravakta.com/indian-currency-vimudrikran-once-again10.08 p.m. dt- 04/02/2017
4. http://www.jagran.com/news/national-82-percent-people-agree
5. Damodaran, Harish (9 November 2016). "Are banks equipped to replace 2,300 crore pieces of Rs 500 and Rs 1,000 notes?". *Indian Express* - अभिगमन तिथि 9 November,2016"
6. Kumar Uttam (12 November 2016). "The measure is 'anti-poor': When BJP opposed demonetisation during UPA govt". हिंदुस्तान टाईम्स. अभिगमन तिथि: 12November 2016
7. ५०० और १००० का नोट बंद होने से शेयर बाज़ार में हाहाकार - बीबीसी - ९ नवम्बर २०१६
8. नोटबंदी के बाद अब निशाने पर हवाला कारोबार, दिल्ली समेत कई शहरों में इनकम टैक्स के छापे जारी -एनडीटीवी - १२ नवम्बर २०१६
9. नोटबंदी का असर : मणिपुर में अखबारों के दफ्तर हुए बंद - एनडीटीवी - १८ नवम्बर २०१६
10. नोटबंदी : ५० दिन पूरे होने की आहट के बीच, देश को ऐसे हुआ बड़ा फायदा..! नोटबंदी: संसद में हंगामा, सड़क पर बिखर गया विपक्ष का भारत बंद (नवभारत टाइम्स)
11. बंद विफल होने से बीजेपी गदगद, सतीश उपाध्याय बोले जनता का केजरीवाल से उठा भरोसा (आज तक)
12. नोटबंदी: जागरण के सर्वे में ८५ फीसद देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ (दैनिक जागरण)
13. पाठक, राजीव (०१६). ''हजारों करोड़ का कालाधन घोषित करने वाला गुजरात का कारोबारी महेश शाह फरार'',समाचार (स्वच्छ भारत). अभिगमन तिथि: ७ दिसम्बर ०१६.
14. मोदी सरकार की नई स्कीम, डिजिटल भुगतान करने के लिए देगी इनाम

Lok Shikshan Prasarak Mandal's

LOK MAHAVIDYALAYA, WARDHA

One Day Interdisciplinary State Level Seminar
on

"Effects of Demonetization"

Date : 11th February 2017

- CHIEF PATRONS -

Dr. Gajananrao J. Kotewar
President

Shri. Prakash S. Bhoyar
Secretary

Shri. S. P. Rode
Shri. N. D. Hemke
Prof. Sanjay S. Kotewar
Shri. Pundlikrao Kotewar
Shri. Amit Kasatwar

Dr. Kishor Sanap
Shri. A. N. Yeulkar
Sau. Tara Kotewar
Principal M. V. Thakare
Sau. Kavita Sanap

Dr. Sau. Pushpa S. Tayde
Principal

Dr. Rajiv M. Jadhao
Convener

- EDITOR IN CHIEF -

Dr. Avinash M. Sahurkar
Associate Professor, Dept. of Commerce

- EDITOR -

Dr. Vishwanath N. Betal
Dr. Sau. Suchitra S. Patne
Prof. Mahendra Sahare
Prof. Bhaskar J. Walke

- Published By -
Principal, Lok Mahavidyalaya, Wardha

- Publisher -

Psychoscan

58, Laxminagar, Wardha- 442001
Ph. 07152-244844, M- 9689889644
Email:- psychoscan02@gmail.com

ISBN: 978-81-922308-6-3

- Decleration -

The Present Publication is an academic exercise of Lok Mahavidyalaya, Wardha and other participants. The views expressed in Research papers are by the individual authors fc are responsible and for any information, data and views. The publisher and ed responsible. An attempt is made to edit the papers for qualitative improvement.